भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2828 का उत्तर

कटघोड़ा-डोंगरगढ़ नई रेल लाइन परियोजना

2828. श्री संतोष पांडेय:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या छत्तीसगढ़ में कटघोड़ा-डोंगरगढ़ नई रेल लाइन परियोजना वर्तमान में किसी स्तर पर लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजना रेलवे बोर्ड या किसी अन्य स्तर पर लंबित है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त परियोजना के कार्यान्वयन के लिए अभी तक प्राप्त किए जाने वाले/लंबित अनुमोदनों, स्वीकृतियों और मंजूरियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को उक्त परियोजना के संरेखण या अन्य पहलुओं में संशोधन के संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) उक्त परियोजना की वर्तमान अनुमानित लागत कितनी है और क्या इसकी प्रारंभिक स्वीकृति के बाद से इसमें कोई संशोधन किया गया है; और

(च) उक्त परियोजना का निर्माण कार्य शुरू करने और शेष स्वीकृतियां प्रदान करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): कटघोरा-डोंगरगढ़ नई बड़ी आमान विद्युतीकृत रेल लाइन परियोजना (294 किमी) को ऋण (75%) - ईक्विटी (25%) के आधार पर ₹5,950 करोड़ की लागत पर स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना को छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीआरसीएल) द्वारा निष्पादित किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ सरकार (51%) और रेल मंत्रालय (49%) का एक संयुक्त उद्यम है।

पहले परियोजना में संरेखण की समस्या थी, इसलिए परियोजना को शुरू नहीं किया जा सका। अब इस समस्या का समाधान हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री और रेल मंत्री के बीच हुई हाल की बैठक में यह तय किया गया है कि कार्य को मूल अनुमोदित संरेखण के अनुसार शुरू किया जाएगा।

छत्तीसगढ़

रेल बजट:

हाल ही के वर्षों में बजट आबंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्णतः/अंशतः आने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:

अवधि	परिव्यय
2009-2014	₹311 करोड़ प्रति वर्ष
2026-2027	₹7,470 करोड़ (लगभग 24 गुना)

रेलपथ निर्माण:

छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्णतः/अंशतः आने वाले नए रेलपथों की कमीशनिंग/बिछाने के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग
2009-14	32 कि.मी.	6.4 कि.मी. प्रति वर्ष
2014-26	1,311 कि.मी.	109.29 कि.मी. प्रति वर्ष (17 गुना)

स्वीकृत की गई परियोजनाएं:

दिनांक 01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्णतः/अंशतः आने वाली 48,202 करोड़ रुपए लागत की 2,398 कि.मी. कुल लंबाई की 36 परियोजनाएं (8 नई लाइन और 28 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं। सारांश निम्नानुसार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (कि.मी. में)	मार्च, 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च, 2026 तक किया गया कुल व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइन	8	887	262	7,535

दोहरीकरण	28	1,512	889	11,298
कुल	36	2,398	1,151	18,833

हाल ही में पूरी की गई परियोजनाएं:

छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्णतः/अंशतः आने वाली हाल ही में पूरी की गई कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
1	खरसिया-कोरिछापर नई लाइन (43 कि.मी.)	851
2	बिलासपुर-उरकुरा तीसरी लाइन (110 कि.मी.)	365
3	सलका रोड-खोंगसरा दोहरीकरण (26 कि.मी.)	181
4	दुर्ग-राजनांदगांव दोहरीकरण (31 कि.मी.)	250
5	बिलासपुर में फ्लाईओवर सहित खोदरी-अनूपपुर दोहरीकरण (72 कि.मी.)	792
6	चंपा-झारसुगुड़ा तीसरी लाइन (152 कि.मी.)	1,227
7	पेंड्रा रोड-अनूपपुर तीसरी लाइन (50 कि.मी.)	394
8	रायपुर - टिटलागढ़ दोहरीकरण (203 कि.मी.)	1,171
9	दल्लीराझरा-रावघाट (95 कि.मी.)	1,628

चालू परियोजनाएं:

छत्तीसगढ़ में पूर्णतः/अंशतः आने वाली प्रमुख परियोजनाएँ, जो शुरू की गई हैं, इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
1	खरसिया-धरमजयगढ़ नई लाइन (122 किलोमीटर)	3,407
2	गेवरा रोड-पेंड्रा रोड नई लाइन (135 किलोमीटर)	3,724
3	धरमजयगढ़-कोरबा नई लाइन (63 किलोमीटर)	1,686
4	चिरमिरि-नागपुर हॉल्ट नई लाइन (17 किलोमीटर)	670
5	सरडेगा-भालुमुंडा नई लाइन (37 किलोमीटर)	1,282
6	खरसिया-परमालकसा 5वीं और 6वीं लाइन (278 किलोमीटर)	7,854
7	रावघाट-जगदलपुर नई लाइन (140 किलोमीटर)	3,513
8	किरंडुल-जदगलपुर दोहरीकरण (150 किलोमीटर)	1,780
9	जगदलपुर-कोरापुट दोहरीकरण (107 किलोमीटर)	1,547

10	झारसुगुड़ा-बिलासपुर -चौथी लाइन (206 किलोमीटर)	2,596
11	गेवरा रोड-पेंड्रा रोड दोहरीकरण (135 किलोमीटर)	3,475
12	राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन (228 किलोमीटर)	3,545
13	रायपुर-धमतरी और अभनपुर-राजिम आमान परिवर्तन (67.20 कि.मी.)	3,250
14	बोरीडांड-अम्बिकापुर दोहरीकरण (80 किलोमीटर)	1,577
15	दुर्ग-राजनांदगांव के बीच चौथी लाइन (31 किलोमीटर)	464
16	गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी लाइन (84 किलोमीटर)	2,223
17	बैकुंठ- उरकुरा चौथी लाइन (26 किलोमीटर)	426
18	चंपा-कोरबा तीसरी लाइन (42 किलोमीटर)	755

किसी भी रेल परियोजना/ओं का पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगिताओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियां
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि

ये सभी कारक परियोजना/ओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

******